Regd. No. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : www.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No. HCTA/5/14

Dated. 27.05.2014

सेवार्थ,

कुलपति,

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

विषय : एडिड कॉलेजों के प्रबन्धन/संचालन में अनियमितताओं की जाँच सम्बन्धी।

श्रीमान जी,

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सम्बद्धता के नियमों तथा बुनियादी शर्तों को तोड़कर सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों की कुछ प्रबन्ध समितियाँ कार्य कर रही हैं। लम्बे समय से युनिवर्सिटी द्वारा इन संस्थाओं का निरीक्षण भी नहीं हुआ है। सैल्फ-फाइनैंस कोर्सो की भी लम्बे समय से कोई जाँच नहीं हुई है। सैल्फ-फाइनैंस पार्ट-टाईम शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नियमों, योग्यता व न्यूनतम वेतन की शर्तों को नहीं माना जा रहा है। न ही युनिवर्सिटी से इन नियुक्तियों की अप्रूवल ली जाती है-जो कि सम्बद्धता के लिए अनिवार्य शर्त है।

एडिड कॉलेजों की भर्ती खोलकर प्रदेश सरकार ने महान व स्वागत योग्य ऐतिहासिक महत्त्व का कार्य किया है।

सरकार द्वारा अनुमोदन के बावजूद कुछ प्रबन्ध-समितियां स्थाई/नियमित भर्ती नहीं कर रहीं जैसे 1. एम.डी. महिला महाविद्यालय, हांसी (हिसार), 2. इन्दिरा गांधी महिला महाविद्यालय, कैथल, 3. जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट। ऐसे ही कुछ और भी कॉलेज हैं।

स्थाई भर्ती नहीं करने के पीछे निहित स्वार्थ व दुर्भावना हो सकती है। क्योंकि सैल्फ-फाइनैंस पार्ट-टाईम शिक्षकों की भर्ती में शोषण-उत्पीड़न और भ्रष्टाचार आसानी से किया जा सकता है। क्योंकि ऐसी नियुक्तियों की अनिवार्य अप्रूवल के नियम को युनिवर्सिटी सख्ती से लागू नहीं करती।

यह कितना बड़ी समस्या है कि कॉलेज में नियुक्त बहुत सारे पार्ट टाईम शिक्षक न तो न्यूनतम योग्यता रखते हैं, न उन्हें विधिवत नियुक्ति व न्यूनतम वेतन मिलता है।

पुरजोर निवेदन है कि

1. एडिड कॉलेजों में तत्काल भर्ती नहीं करने वाली प्रबन्ध समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।
2. सैल्फ फाइनैंस शिक्षकों की विधिपूर्वक भर्ती व अनिवार्य युनिवर्सिटी अप्रूवल सुनिश्चित की जाए।
3. कॉलेज के प्रबन्धन-संचालन की अनियमितताओं (वित्त समेत) की गहन जांच के लिए युनिवर्सिटी तत्काल गहन निरीक्षण करवाये।

आदर सहित

(डॉ. रविन्द्र गासो)